प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने संदेश में कहा– योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। अगले वर्ष से योग राज्य के स्कूलों और कॉलेजो के पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नीट यूजी पुनर्परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न। राज्य के चौंतीस जिलों के तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर किया गया परीक्षा का आयोजन।

04. और, वैभव सूर्यवंशी के नाम नया विश्व रिकॉर्ड। श्रीलंका–ए के खिलाफ एक दिवसीय मुकाबले में ग्यारह गेंदों पर सबसे तेज अर्धशतक लगाया।

---

बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज देश–विदेश मे कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है बढ़ती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। योग दिवस का मुख्य आयोजन आज सुबह पश्चिम बंगाल के राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्वयं तारासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित कई योग मुद्राओं का अभ्यास किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग आज दुनिया का सबसे बड़ा सामूदायिक उत्सव बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट साधन है।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवनशैली शामिल करने की अपील की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने लोक भवन में आयोजित योग शिविर में भाग लिया।

---

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न स्थानों में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर और योगाभ्यास का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित शिविर में भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार समेत बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने योगाभ्यास किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी योग शिविर कार्यक्रम आयोजित किये गये। पटना उच्च न्यायालय में इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि अगले वर्ष से बिहार के स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल किया जाएगा। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि योग को जन–जन तक पहुंचाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है तथा स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। आज दुनिया के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मुख्यमंत्री से राज्य के स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल करने का अनुरोध किया। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि आधे घंटे का योग कार्यक्रम वैकल्पिक तौर पर पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए।

–––बाइट–––

---

मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय के पादुका दर्शन आश्रम में विद्यालय के अध्यक्ष स्वामी कैवल्यानंद महाराज के संचालन में योगाभयास किया गया। इसमे योग साधकों, श्रद्धालुओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

औरंगाबाद के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित योग कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

कटिहार के फणिश्वरनाथ रेणू ऑडिटोरियम में रेलमंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग शिविर में भाग लिया। शिविर का उद्‌घाटन डीआरएम किरेन्द्र नरह ने किया।

लखीसराय के बड़ैया प्रखंड अंतर्गत बीएनएम कॉलेज परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त समेत कई वरीय अधिकारी शामिल हुए।

भभूआ व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों ने योगाभ्यास किया।

पटना के इको पार्क में सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय पटना और एसएसबी की चालीसवीं वाहीनी के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अरवल के समाहरणालय पार्क में आयोजित योग कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमृता बैंस समेत विभिन्न पदाधिकारियों ने योगाभ्यास किया।

भोजपुर जिला मुख्यालय आरा स्थित खेल भवन में आयोजित योग शिविर में विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने योग किया।

सुपौल के महात्मा गांधी चिल्ड्रेन पार्क, दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर, अररिया के व्यवहार न्यायालय प्रांगन और खेल भवन, बक्सर के रामरेखा घाट समेत सभी जिलों में योग शिविर का आयोजन किया गया।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए के तत्वावधान में आज नीट यूजी पुनर्परीक्षा का आयोजन किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा भारत के पांच सौ इक्यावन और विदेशों के चौदह शहरों में आयोजित की गई। परीक्षा में बाईस लाख उनासी हजार से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए।

---

प्रदेश के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर नीट यूजी परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो गई। परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू हुई और अपराह्न सवा पांच बजे समाप्त हुई। कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। पटना में कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा भवन के आस–पास विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गयी। इसके साथ ही कई मार्गों पर परीक्षा की समाप्ति तक वन–वे ट्रैफिक लागू रहा।

---

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय परिषद की आज पटना में आयोजित बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की विधिवत घोषणा की गई। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इससे संगठन को नई वैचारिक ऊर्जा मिलेगी। बैठक में उमेश सिंह कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचन को भी औपचारिक अनुमोदन दिया गया। राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि अन्य राज्यों में भी जदयू को मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे स्वयं अन्य राज्यों में जाकर पार्टी के विस्तार के लिए कार्य करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि आज की बैठक में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

———बाइट———

बैठक में पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद

यादव, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, विधायक और विधान परिषद शामिल हुए।

---

समस्तीपुर के रहने वाले युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। वैभव ने श्रीलंका दाम्बुला में खेले जा रहे त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में आज श्रीलंका–ए के खिलाफ विस्फोटक बल्लेवाजी करते हुए ग्यारह गेंदों में अर्धशतक बनाया। इनमें पांच चौका और पांच छक्का शामिल है। वैभव ने उनतीस गेंदों में चौरानवें रन बनाये। इधर, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और प्रसिद्ध खिलाड़ी सुनील गवास्कर ने वैभव की प्रसंशा करते हुए कहा कि भारत को अगला स्टार मिल गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह खिलाड़ी कई और रिकॉर्ड ध्वस्त करेगा।

---

इगलैंड के खिलाफ होनेवाली तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। शुभमन गिल की कप्तानी में पन्द्रह सदस्यीय टीम में विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल की वापसी हुई है। दूसरे विकेट कीपर बल्लेवाज के रूप में ईशान किशन ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सीरीज का पहला मैच चौदह जुलाई को एजवेस्टन में खेला जायेगा।

---

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार हो रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मानसून की एक ट्रफ रेखा राज्य के जमूई और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। जिसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश हो सकती है।

–––बाइट–––

इधर, राज्य के दक्षिणी भाग में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार आज भी बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर समेत विभिन्न जिलों में लू की स्थिति बनी रही।

---

प्रचंड गर्मी के मद्देनजर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी स्कूलों में तीस जून तक शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन प्रातःकालीन सत्र में करने का निर्देश दिया है। इधर, पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में सत्ताईस जून तक शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी है। वहीं, भोजपुर जिला प्रशासन ने कक्षा आठ तक सभी स्कूलों में चौबीस जून तक पठन–पाठन पर रोक लगा दी है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आदेश में कहा कि वर्ग नौ से बारह तक की कक्षाएं सुबह ग्याहर बजे तक ही संचालित की जायेगी।

---

दरभंगा और जयपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस सेवा आज से शुरू हो गई है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान की राजधानी जयपुर के खातीपुरा में आयोजित समारोह में सप्ताह के छह दिन चलने वाली इस नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन समारोह मे शामिल हुए। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ट्रेन का नियमित परिचालन कल से शुरू होगा। नई ट्रेन सेवा से मिथिलांचल और उत्तर बिहार के यात्रियों, विशेषकर कामगारों, व्यापारियों और पर्यटकों को राजस्थान आने–जाने में अधिक सुविधा मिलेगी।

---

पटना जिले के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर दियारा के हेतनपुर गांव में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबने से तीन किशोरों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नहाते हुए ये किशोर गहरे पानी में चले गये और डूब गया। अंचलाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि शवों को पोस्मॉर्टम के लिए भेज दिया गया। दानापुर से

भाजपा विधायक और सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा और सरकारी सहायता दिये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

---

वैशाली जिला प्रशासन द्वारा संचालित जीयों नन्हीं परी पहल को बालिका सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रतिष्ठित एस्कॉच अवॉर्ड मिला है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने संदेश में कहा– योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की घोषणा। अगले वर्ष से योग राज्य के स्कूलों और कॉलेजो के पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नीट यूजी पुनर्परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न। राज्य के चौंतीस जिलों के तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर किया गया परीक्षा का आयोजन।

04. और, वैभव सूर्यवंशी के नाम नया विश्व रिकॉर्ड। श्रीलंका–ए के खिलाफ एक दिवसीय मुकाबले में ग्यारह गेंदों पर सबसे तेज अर्धशतक लगाया।

---

समाप्त